This question paper contains 8 printed pages]

Roll No. | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **6578**

Unique Paper Code : **B-805** **G**

Name of the Paper : **Hindi Literature**

Name of the Course : **B.A. (Hons.) Discipline Centred Course**

Semester : **Annual Part II**

Duration : **2 Hours** Maximum Marks : **50**

(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)

टिप्पणी : प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक 'स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग' के बी.ए. (ऑनर्स) में प्रवेश प्राप्त छात्रों के लिए मान्य हैं । नियमित विद्यार्थियों के लिए इन अंकों का समानुपातिक पुनर्निर्धारण परीक्षाफल तैयार करते समय किया जाएगा ।

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1\. (क) आदिकालीन कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए । 4

अथवा

भक्तिकालीन निर्गुण भक्ति धारा को स्पष्ट कीजिए ।

P.T.O.

(ख) मध्यकालीन बोध से आप क्या समझते हैं ? 3

अथवा

आधुनिक बोध और मध्यकालीन बोध में क्या अन्तर है ?

(ग) हिंदी साहित्य और नवजागरण का सम्बन्ध निर्धारित कीजिए । 3

अथवा

हिंदी नवजागरण के विकास की दशा का निर्धारण कीजिए ।

2. (क) 'अशोक की चिंता' कविता का भाव स्पष्ट कीजिए । 7

अथवा

'कुकुरमुत्ता' कविता में निहित विद्रोह पर प्रकाश डालिए ।

(ख) किन्हीं **दो** पद्यांशों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4+4

(1) यह महादम्भ का दानव—

पीकर अनंग का आसव—

कर चुका महाभीषण रव,

सुख दे प्राणी को मानव

तज विजय पराजय का कुढंग ।

(*i*) इन पंक्तियों के लेखक और कविता का शीर्षक बताइए ।

(*ii*) 'यह महादम्भ का दानव' का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(*iii*) 'अनंग' शब्द का अर्थ लिखिए ।

(2) मेरा गुस्सा—

जनमत की चढ़ी हुई नदी में

एक सड़ा हुआ काठ है ।

लन्दन और न्यूयार्क के घुंडीदार तसमों से

डमरू की तरह बजता हुआ मेरा चरित्र

अँग्रेजी का 8 है ।

(*i*) प्रस्तुत पंक्तियों के रचनाकार का नाम और रचना का शीर्षक लिखिए ।

(ii) 'डमरू की तरह बजता हुआ मेरा चरित्र' का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(iii) 'जनमत' शब्द का अर्थ लिखिए ।

(3) दुतकारा मस्जिद ने मुझको कहकर है पीने वाला,
ठुकराया ठाकुरद्वारे ने देख हथेली पर प्याला,
कहाँ ठिकाना मिलता जग में भला अभागे काफिर को
शरणस्थल बनकर न मुझे यदि अपना लेती मधुशाला।

(i) प्रस्तुत पंक्तियों के रचनाकार का नाम और रचना का शीर्षक लिखिए ।

(ii) 'शरणस्थल बनकर न मुझे यदि अपना लेती मधुशाला' का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(iii) 'काफिर' शब्द का अर्थ लिखिए ।

3. (क) 'उसने कहा था' कहानी के आधार पर लहना सिंह के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए । 7

अथवा

'दूध का दाम' कहानी की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए ।

(ख) किन्हीं **दो** गद्यांशों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4+4

(1) दोपहर रात बीत गई है। अँधेरा है । सन्नाटा छाया हुआ है । बोधा सिंह खाली बिस्कुटों के टिनों पर अपने दोनों कंबल बिछाकर और लहना सिंह के दो कंबल और एक बरानकोट ओढ़कर सो रहा है । लहना सिंह पहरे पर खड़ा हुआ है । एक आँख खाई के मुख पर है और एक बोधा सिंह के दुबले शरीर पर ।

(*i*) प्रस्तुत पंक्तियों के रचनाकार का नाम और रचना का शीर्षक लिखिए ।

(*ii*) लहान सिंह कौन था ?

(*iii*) 'अँधेरा' शब्द का पर्याय लिखिए ।

(2) इस क्षेत्र के पराजित उम्मीदवार पुराने जनसेवक जी का सपना सच हुआ । कोसका मैया ने उन्हें फिर जनसेवा का 'औसर' दिया है । .... जै हो, जै हो ! इस बार भगवान ने चाहा तो वे विरोधी को पछाड़कर दम लेंगे ! वे

कस्बा रामनगर के एक व्यापारी की गद्दी से टेलीफोन करके जिला मजिस्ट्रेट तथा राज्य के मंत्रियों से योगसूत्र स्थापित कर रहे हैं । हैलो ! हैलो .... !''

(i) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई हैं ? इनके लेखक का क्या नाम है ?

(ii) इस गद्यांश में किस समस्या का वर्णन है ?

(iii) 'औसर' शब्द का अर्थ लिखिए ।

(3) हार-जीत की वस्तुएँ भी विचित्र होती थीं । कपड़ा, जूता, रुपया-पैसा, बर्तन आदि में से जो हाथ में आया, वही दाँव पर रख दिया जाता था । कोई किसी की घरवाली की हँसुली जीत लेता और किसी की पतोहू के झुमके । कोई अपनी बहिन की पहुँची हार जाता था और कोई नातिन के कड़े । सारांश यह कि जुए के पहले चोरी-डकैती की आवश्यकता भी पड़ जाती थी ।

(*i*) यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक का नाम बताइए ।

(*ii*) इस गद्यांश में समाज में व्याप्त किस बुराई की ओर संकेत किया गया है ?

(*iii*) 'दाँव पर रख देना' मुहावरे का अर्थ लिखिए ।

4. किसी **एक** उपन्यास से **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

(*i*) कर्नल साहब के स्वभाव के विषय में लिखिए ।

(*ii*) डी.डी. के चरित्र की **दो** विशेषताएँ लिखिए ।

(*iii*) गुलनार कौन थी ?

अथवा

(*i*) बेला कौन थी और क़िससे प्रेम करती थी ?

(*ii*) शिवपाल गंज में चुनाव किस प्रकार होता है ?

(*iii*) लँगड़ कौन था ?

5. किसी **एक** नाटक से **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

(*i*) माधवी किसकी पुत्री थी ?

(*ii*) गालव को कितने घोंड़ों की आवश्यकता थी ?

(*iii*) गुरु विश्वामित्र गालव की परीक्षा क्यों लेना चाहते थे ?

अथवा

(*i*) रामचंदर किस कारण अच्छा खिलाड़ी नहीं बन सका ?

(*ii*) 'कोर्ट मार्शल' का प्रमुख पात्र आप किसे मानते हैं ?

(*iii*) रामचंदर ने गोली क्यों चलाई ?